प्रफुल्ल पटेल मोदी और शाह के भक्त हैं: राउत

मुंबई,एजेंसी।

शिवसेना (यूबीटी) नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बुधवार को राकांपा (अजीत पवार) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि श्री पटेल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भक्त हैं तथा उन्हीं के निर्देशों के आधार पर फैसले लिये। राउत ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री अजित पवार के निधन के बाद राकांपा का नेता चुनने की जिम्मेदारी लेने वाले श्री पटेल के बयान पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राकांपा पवार परिवार की है, प्रफुल्ल पटेल की नहीं। उन्होंने मजाक में यह भी पूछा कि क्या श्री पटेल को पवार परिवार का नेतृत्व तय करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।

सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधते हुए श्री राउत ने कहा कि राकांपा (अजीत पवार) और शिवसेना (शिंदे) भारतीय जनता पार्टी की 'कंपनी' के अंशधारक हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि शिवसेना (शिंदे) के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के उलट अजित पवार ने भाजपा को कभी खुद पर विचारधारा थोपने नहीं दिया और सभी जातियों और धर्मों को साथ लेकर चलने के अपने तरीके को कभी नहीं छोड़ा। राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर उनकी इस टिप्पणी के लिए भी निशाना साधा।

कर्नाटक में 6000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले ने लिया बड़ा राजनीतिक मोड़

इस मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक आबकारी मंत्री आर बी तिम्मापुर के तत्काल इस्तीफे की मांग कर रहे हैं

बेंगलुरु,एजेंसी।

कर्नाटक में 6,000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला मामले ने बुधवार को बड़ा राजनीतिक मोड़ ले लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कुछ आडियो क्लिप का हवाला दिया है जिनमें कथित तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। इस मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक मंगलवार रात से ही विधानसभा के भीतर धरने पर बैठे हैं और आबकारी मंत्री आर बी तिम्मापुर के तत्काल इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने पत्रकारों को बताया कि 'ऑडियो रिकॉर्डिंग' में कथित तौर पर जिला-स्तर के एक अधिकारी, आबकारी आयुक्त और एक विचौलिये के बीच बातचीत है। इसमें आबकारी मंत्री, उनके बेटे और मुख्यमंत्री सिद्दारमेया के नाम का जिक्र है। उन्होंने कहा कि सबूत सरकार की 'मजबूती' के हिसाब से नहीं पेश किये जा सकते और जोर दिया कि सही जांच के लिए मंत्री का इस्तीफा जरूरी है।

श्री विजयेंद्र ने 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, ए्एक सही जांच होनी चाहिए और सच्चाई सामने आनी चाहिए।ह उन्होंने मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगियों पर एक दागी मंत्री को बचाने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा और जद(एस)ने यह मुद्दा विधानसभा में सही जवाबदेही तय करने के लिए उठाया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक 'कांग्रेस हाईकमान के लिए एटीएम' बन गया है और दावा किया कि कार्रवाई करने में हिचकिचाहट मुख्यमंत्री के इस डर से पैदा हुई है कि जांच सबसे ऊंचे स्तर तक पहुंच सकती है। पिछली घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने सिद्दारमैया सरकार के ही पिछले कार्यकाल का उदाहरण दिया, जब पूर्व गृह मंत्री केजे जॉर्ज ने इस्तीफे दिया था और बेगुनाह साबित होने के बाद उन्हें फिर से बहाल कर दिया गया था।

विपक्ष के नेता आर अशोक ने धरने का नेतृत्व किया और आरोप लगाया कि शराब लॉबी ने आबकारी मंत्री की ओर से लगभग 6,000 करोड़ रुपये जमा किये हैं। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा विपक्षी दल का नहीं, बल्कि 'बार एसोसिएशन' और 'वाइन स्टोर एसोसिएशन' का है।

श्री अशोक ने दावा किया कि ऑडियो और वीडियो सबूत मौजूद हैं। इनमें एक उपायुक्त और एक संयुक्त आयुक्त सहित वरीय अधिकारियों को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया कि मंत्री को करोड़ों रुपये देने थे। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त के सामने पहले ही शिकायत दर्ज की जा चुकी है और आरोप लगाया कि लोकायुक्त पुलिस का अपनी मर्जी से दर्ज किया गया बयान कबूलनामे जैसा है।

इसे 'कर्नाटक में सबसे बड़ी लूट' बताते हुए श्री अशोक ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक बयान का भी जिक्र किया।

एक नजर

कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देशों को गंभीरता से नहीं लिया जाता : राजीव कुमार

गांधीनगर, एजेंसी। अर्थशास्त्री और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था एक सशक्त विदेश नीति की नींव होती है और भारत को विश्व मंच पर सम्मान हासिल करने के लिए तेजी से विकसित होना होगा और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक शक्ति ही वैश्विक राजनीति में किसी देश की स्थिति निर्धारित करती है। कुमार ने यह बात गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में एक कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था ही भू-राजनीति की नींव है। हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सही कहा है कि भारत के लिए सबसे अच्छी विदेश नीति अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अगर आप अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित नहीं करेंगे, तो आपके पास किसी से बात करने की ताकत नहीं होगी। कुमार ने कहा, ''आज चीन 53 अग्रणी प्रौद्योगिकियों में से 47 में आगे है। अब अमेरिकी नहीं, चीन आगे हैं। यही चीन को अमेरिका के सामने खड़ा होने की ताकत देता है।

टिकट रद्द करने से प्राप्त राजस्व का हिसाब अलग से नहीं रखा जाता : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि 'कंफर्म' और तत्काल टिकट रद्द करने से प्राप्त राजस्व का अलग से रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है।

वैष्णव ने संसद के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, टिकट रद्द करना और किराया वापसी रेल यात्री (टिकट रद्द करना और किराया वापसी) नियम, 2015 द्वारा शासित है, जिसमें समय-समय पर संशोधन किये गए हैं।

'कंफर्म' टिकटों और तत्काल आरक्षित टिकटों के रद्द किए जाने पर पैसे वापस नहीं करने से रेलवे को प्राप्त राजस्व के बारे में रेल मंत्री से प्रश्न पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने यह जानकारी दी।

वैष्णव ने लिखित उत्तर में कहा, यात्रियों द्वारा यात्रा न करने की स्थिति में कंफर्म टिकटों और तत्काल सेवा के तहत आरक्षित टिकटों के पैसे नहीं लौटाये जाने से रेलवे को अर्जित राजस्व का अलग से रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है।

बिट्टू को गद्दार कहना पूरे सिख समुदाय का अपमान: भाजपा

नई दिल्ली,एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'ट्रेटर (गद्दार)' कहे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये इस टिप्पणी को निंदनीय, आपत्तिजनक और सिख समुदाय की भावनाओं पर गंभीर आघात बताया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह और विधायक अरविंदर सिंह लवली ने एक स्वर में राहुल गांधी के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये कांग्रेस को सिख विरोधी विचारों वाला बताया।

पुरी ने कहा कि आज वे केवल भाजपा नेता के रूप में नहीं, बल्कि सिख समुदाय के एक गहराई से आहत सदस्य के रूप में बोल रहे हैं। उन्होंने बताया कि संसद परिसर में राहुल गांधी और कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन के दौरान श्री बिट्टू के गुजरने पर उनके लिए 'ट्रेटर' शब्द का इस्तेमाल किया गया। श्री पुरी ने कहा कि यह शब्द साधारण राजनीतिक आलोचना नहीं, बल्कि राष्ट्रद्रोह से जुड़ा बेहद गंभीर शब्द है, जिसका इस्तेमाल जासूसों या देश को नुकसान पहुंचाने वालों के लिए किया जाता है।

पुरी ने कहा कि श्री बिट्टू केवल केंद्रीय राज्य मंत्री ही नहीं, बल्कि एक ऐसे परिवार से आते हैं जिसने देश के लिए भारी बलिदान दिया है। उनके दादा सरदार बेअंत सिंह, पंजाब के मुख्यमंत्री थे, जिन्हें आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष करते हुए गोलियों से भून दिया गया था। ऐसे परिवार के सदस्य को 'गद्दार' कहना न केवल शर्मनाक है, बल्कि पूरे सिख समुदाय का अपमान है।

उन्होंने ने याद दिलाया कि इस समय देश नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिनका बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता और मानव गरिमा का प्रतीक है। पुरी ने कहा कि सिख धर्म मानवता, समानता और सेवा का संदेश देता है।

सिख समुदाय की जनसंख्या भले ही देश में लगभग दो प्रतिशत हो, लेकिन सशस्त्र बलों में उनका योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने सवाल उठाया कि एक ओर किसी व्यक्ति को गद्दार कहा जाता है और दूसरी ओर यह भी कहा जाता है कि वह वापस आ जाएगा।

असम में सदिया जेल से चार कैदी दीवार फांदकर फरार

डिब्रूगढ़ (असम),एजेंसी। असम के तिनसुकिया जिले की सदिया जिला जेल से बुधवार को कम से कम चार कैदी फरार हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कैदियों द्वारा तड़के फरार होने के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया, कैदियों ने तड़के जेल की ऊंची चहारदीवारी फांदकर अपनी साजिश को अंजाम दिया। बताया जाता है कि उन्होंने कई कपड़ों के टुकड़ों को एक साथ बांधकर एक कामचलाऊ रस्सी बनाई, जिसकी मदद से वे दीवार फांदकर आसपास के इलाके में भाग गए।

नेटवर्क योजना समूह की बैठक में सात सड़क परियोजनाओं का विश्लेषण

नई दिल्ली, एजेंसी।

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) में नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की बुधवार को संपन्न 108वीं बैठक में सात सड़क परियोजनाओं का गहन विश्लेषण किया गया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन करना था। बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस एनएमपी) के अनुरूप बहुआयामी कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार लाने पर जोर दिया गया।

इन पहलों से लॉजिस्टिक्स दक्षता में वृद्धि, यात्रा समय में कमी और परियोजना के प्रभाव क्षेत्र में महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

जिन सात परियोजनाओं का विश्लेषण किया गया उनमें तमिलनाडु में सलेम-कुमारपालयम खंड पर एनएच-544 के छह लेन का निर्माण, आंध्र प्रदेश में अमरावती आउटर रिंग रोड का निर्माण, जम्मू-कश्मीर में रफीबाद-कुपवाड़ा-चौकीबल-तंगधार तक पक्की शोल्डर वाली दो लेन सड़क का निर्माण और चित्रकूट-मझगवां-सतना खंड (मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश) के लिए मौजूदा दो लेन वाली विभाजित सड़क को चार लेन वाली विभाजित सड़क में बदलने का प्रस्ताव शामिल है।

मणिपुर के मुख्यमंत्री ने पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की

इंफाल, एजेंसी।

मणिपुर की नवगठित सरकार की पहली कैबिनेट बैठक बुधवार रात मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के बंगले पर आयोजित की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह बैठक सिंह के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लगभग एक घंटे बाद हुई।

मुख्य सचिव डॉ. पुनीत कुमार गोयल ने भी बैठक में भाग लिया, साथ ही उपमुख्यमंत्री एल. दीखो और नवनियुक्त मंत्री गोविंदास कोंथौजम और के. लोकेन सिंह भी उपस्थित थे। एक सरकारी बयान में कहा गया है, आज मुख्यमंत्री के बंगले पर मणिपुर की नयी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक आयोजित की गई।

इस बीच, लोक भवन ने सूचित किया कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने भाजपा को बिना शर्त समर्थन दिया है। एक बयान में कहा गया है कि नेशनल पीपुल्स पार्टी (6 सदस्य), नगा पीपुल्स फ्रंट (5 सदस्य), जनता दल-यूनाइटेड (1 सदस्य) और दो निर्दलीय सदस्यों ने भाजपा को बिना शर्त समर्थन दिया है।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किताब का विमोचन किया

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए मददगार एक किताब का बुधवार को विमोचन किया।

एक बयान में यह जानकारी दी गई है।

बयान में कहा गया है कि मेघवाल ने यहां देश की शासन प्रणाली, प्रशासनिक व्यवस्था, सामाजिक न्याय और संविधान के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालने वाली पुस्तक 'इंडियन पॉलिटी' का विमोचन किया।

इस पुस्तक के लेखक भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई कुमार हैं।

राष्ट्रपति ने ओडिशा में कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया

भुवनेश्वर, एजेंसी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार का 'पूर्वोदय' विजन ओडिशा के समग्र विकास को प्राथमिकता देता है। राष्ट्रपति ने अपने गृह राज्य की छह दिवसीय यात्रा के दौरान मयूरभंज जिले में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया और विश्वास व्यक्त किया कि ये पहल राजगार के नए अवसर लाएंगे और स्थानीय समुदायों को लाभान्वित करेंगे।श्रीमती मुर्मु ने रायरंगपुर में महाराजा श्रीराम चंद्र भंज देव विश्वविद्यालय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) परिसर का उद्घाटन किया और कई प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें एक आयुष अस्पताल सह आयुर्वेदिक कॉलेज, ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी

विश्वविद्यालय (ओयूएटी) परिसर, एक तीरंदाजी केंद्र, शहर के सौंदर्यीकरण और जल निकासी उन्नयन परियोजनाएं, एक सभागार और सांस्कृतिक केंद्र, एक गर्ल्स हॉस्टल और एक नशामुक्ति केंद्र शामिल हैं।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर बोलते हुए आदिवासी समुदायों के आर्थिक और सामाजिक विकास पर सरकार के विशेष ध्यान को रेखांकित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री वन धन योजना जैसी पहलों का उल्लेख किया, जो 90 से अधिक लघु वनोपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि आदिवासी स्वयं सहायता समूहों के लिए सूक्ष्म ऋण योजनाएं शुरू की गयी हैं और आदिवासी महिला अधिकारिता योजना के तहत अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए कम ब्याज पर कर्ज दिया जा रहा है।

श्रीमती मुर्मु ने आदिवासी क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा में सुधार के सरकार के प्रयासों पर भी जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के कार्यान्वयन, विस्तारित विद्युतीकरण और दूरदराज के क्षेत्रों में 4जी इंटरनेट की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि ये उपाय आदिवासी क्षेत्रों में 'समग्र विकास की धारा' बना रहे हैं।

राष्ट्रपति ने नागरिकों से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और जागरूकता फैलाने में मदद करने का आग्रह करते हुए कहा, गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान केवल आदिवासी समुदायों के विकास के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।

बिट्टू ने कांग्रेस के साथ विश्वासघात किया : वडिंग

चंडीगढ़, एजेंसी।

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर उस पार्टी के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया, जिसने उन्हें सब कुछ दिया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते बिट्टू, 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे।

संसद परिसर में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा बिट्टू को 'गद्दार' कहे जाने के बाद भाजपा ने इस टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताया। भाजपा ने इसे हर सिख का अपमान करार दिया और लोकसभा अध्यक्ष से राहुल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

हालांकि, पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने बिट्टू पर अपने हमले तेज कर दिए और भाजपा को याद दिलाया कि वह राहुल गांधी ही थे जिन्होंने बिट्टू को पगड़ी पहनने के लिए प्रेरित किया था।

लुधियाना से बिट्टू को हराने वाले राजा वडिंग ने 'एक्स' पर लिखा, एक बार का गद्दार हमेशा गद्दार ही रहता है। बिट्टू ने उस कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया जिसने उन्हें सब कुछ दिया। राहुल गांधी जी ने उन्हें तीन बार सांसद बनाने के अलावा भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया। राहुल जी ही थे जिन्होंने आपको पगड़ी बांधने की प्रेरणा दी थी। भाजपा आपका इस्तेमाल कर रही है और इसकी एक समय सीमा (एक्सपायरी डेट) तय है। वर्तमान में राज्यसभा सदस्य बिट्टू को नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में मंत्री पद दिया गया है। बुधवार सुबह जब बिट्टू संसद में प्रवेश कर रहे थे, तब राहुल ने उन्हें गद्दार कहा, जिस पर मंत्री ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को देश का दुश्मन कहकर पलटवार किया।

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी बिट्टू पर निशाना साधा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जब मैं लोकसभा सांसद था, तब मैंने व्यक्तिगत रूप से राहुल गांधी जी को बिट्टू को पगड़ी पहनने के लिए प्रोत्साहित करते देखा था। आज भाजपा दावा कर रही है कि राहुल जी एक पगड़ीधारी सिख को निशाना बना रहे हैं। तथ्य यह है कि राहुल जी के मार्गदर्शन से पहले उनकी यह पहचान नहीं थी।

उच्चतम न्यायालय में ममता की दलीलें फ्लॉप ड्रामा: भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ बुधवार को उच्चतम न्यायालय में दी गईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दलीलों को फ्लॉप ड्रामा करार दिया और आरोप लगाया कि उन्होंने अदालत में एक राजनीतिक भाषण दिया। बनर्जी ने अपनी दलीलें पेश करते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल को अनुचित तरीके से निशाना बनाया और राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन किया।

भुवनेश्वर में 'ब्लैक स्वान समिट इंडिया' का शुभारंभ

भुवनेश्वर,एजेंसी। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में गुरुवार से 'ब्लैक स्वान समिट इंडिया' शुभारंभ होगा। पांच और छह फरवरी को होने वाले इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियां, नीति निर्माता और नवाचार करने वाले (इनोवेटर) शामिल होंगे।

भारतनेत्र पहल के तहत ओडिशा सरकार द्वारा सिंगापुर स्थित ग्लोबल फाइनेंस एंड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (जीएफटीएन) के साथ साझेदारी में आयोजित यह शिखर सम्मेलन राज्य को भारत के विकास के अगले चरण के लिए एक मंच के रूप में पेश करता है। इस सम्मेलन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल होंगे।

उत्तर रेलवे

शद्दिपत्र

संदर्भ: i) टेंडर नोटिस संख्या 75/2025-26, दिनांक 01.01.2026. (क्रम सं.. 2)
ii) टेंडर संख्या 08255739 नियत तिथि 27.01.2026

नियत तिथि 27.01.2026 से बढ़ाकर 12.02.2026 कर दी गई है। और अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। www.ireps.gov.in.

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 390/2026

MORNING GLORY LEASING AND FINANCE LIMITED
CIN:L67120DL1984PLC018872
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Website: www.morninggloryleasing.in, Ph: 011- 4711 9100
Extract Of Statement Of Standalone Unaudited Financial Results For The Quarter And Nine Months Ended December 31, 2025 (₹ in Lakhs)

Sl. No.	Particulars	Standalone				
		For the Quarter Ended on 31-12-2025 Unaudited	For the Quarter Ended on 31-12-2024 Unaudited	For the Nine Months Ended on 31-12-2025 Unaudited	For the Nine Months Ended on 31-12-2024 Unaudited	For the Year Ended on 31-03-2025 Audited
1	Total income from Operations	1.25	1.25	4.20	4.20	5.45
2	Net Profit for the period (before Tax & Exceptional items)	(0.33)	(0.19)	0.70	0.80	0.82
3	Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items)	(0.33)	(0.19)	0.70	0.80	0.82
4	Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items)	(0.33)	(0.19)	0.60	0.55	0.60
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax)	26.52	(32.15)	91.22	(8.57)	97.08
6	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each)	24.90	24.90	24.90	24.90	24.90
7	Reserves (excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-	-	-
8	Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised)					
	1. Basic	10.65	(12.91)	36.63	(3.44)	38.99
	2. Diluted	10.65	(12.91)	36.63	(3.44)	38.99

NOTES :
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 4th February, 2026. The financial results for the quarter and nine months ended December 31,2025 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly/ year to date/annual financial results filed with the stock exchange under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly/year to date/annual financial results is available on the stock exchange website.(URL-www.msei.in) and Company's website,at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

Place : New Delhi
Date : 4th February, 2026

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director and Chief Financial Officer

राजनीति

नवीन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने एससी-एसटी के बजट में कटौती की

तेलंगाना में चल रही तुष्टिकरण की कांग्रेस सरकार: नवीन

महबूबनगर,एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कांग्रेस एवं तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार पर तीखा हमला बोला तथा आरोप लगाया कि यह सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और दलितों, एससी-एसटी, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों के साथ ही महिलाओं की लगातार अनदेखी कर रही है।

नवीन ने आज महबूबनगर में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता कांग्रेस की सच्चाई समझ चुकी है और आगामी निकाय चुनाव भाजपा के लिए नए नेतृत्व और संगठन को

मजबूत करने का बड़ा अवसर हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की राजनीति आज एक गंभीर मोड़ पर खड़ी है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का पूरा ध्यान केवल तुष्टीकरण की राजनीति पर केंद्रित है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने तेलुगु भाषा, संस्कृति और सनातन परंपराओं का अपमान किया है और खुले मंच से कांग्रेस ही मुस्लिम है, मुस्लिम ही कांग्रेस है जैसे नारे देकर अपनी मानसिकता उजागर की है। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल कांग्रेस की सोच को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि मुख्यमंत्री को तेलंगाना की जनता की भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

नवीन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने एससी-एसटी के बजट में कटौती की, जबकि अल्पसंख्यक आयोग और अल्पसंख्यक विभाग का बजट बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि यह साफ संकेत है कि कांग्रेस सरकार के लिए दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग प्राथमिकता में नहीं हैं। आदिवासी समुदाय की समस्याओं की ओर भी सरकार आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने वोटों के लिए पूरे राज्य के सामाजिक संतुलन से खिलवाड़ किया जा रहा है। नवनी ने मंदिरों पर हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य के कई हिस्सों में मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि सनातन परंपराएं भारत की आत्मा हैं और यदि इन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की गई, तो भाजपा कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मंदिरों, देवी-देवताओं या हिंदू पर्व-त्योहारों के अपमान का प्रयास हुआ, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी।